प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

09.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15.00बजे

नवकार महामंत्र दिवस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आध्यात्मिक प्रार्थना– नवकार महामंत्र केवल एक मंत्र नहीं है बल्कि आस्था का केन्द्र है। आज नई दिल्ली में नवकार महामंत्र दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इस महामंत्र का महत्व केवल आध्यात्मिक नहीं है बल्कि यह जीवन की कुंजी है। उन्होंने कहा कि यह महामंत्र स्व से समाज और जन से जग तक की यात्रा का पथ दर्शाता है।

आयोजन के दौरान प्रधानमंत्री ने 108 से अधिक देशों से आए लोगों के साथ नवकार महामंत्र का जाप किया। नवकार महामंत्र जैन धर्म का सर्वाधिक पावन मंत्र है।

..........................................................

सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में हरित परिवहन को बढ़ावा देने के लिए सरकार तेजी से ईवी इंफ्रास्ट्रक्टचर विकसित कर रही है। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए अभी तक प्रदेश में 6 ग्रीन कोरिडोर विकसित किए जा चुके हैं ताकि इलैक्ट्रिक वाहनों की सुचारू आवाजाही सुनिश्चित की जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने 4 सौ 2 स्थानों पर ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने को भी मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की इस पहल का उद्देश्य राज्य में एक मजबूत और प्रभावी ईवी चार्जिंग नेटवर्क विकसित करना है।

..........................................................

सुरेश कश्यप

भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने दावा किया है कि प्रदेश में जल्द ही और कभी भी भाजपा सरकार बन सकती है। सुरेश कश्यप ने आज शिमला शहरी विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ और सक्रिय कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता सुक्खू सरकार की नीतियों से तंग आ चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार राज्य को कर्ज के दलदल में धकेल रही है। सुरेश कश्यप ने ये भी कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था खत्म हो गई है और चारों ओर माफियाराज चल रहा है।

..........................................................

हिमाचल दिवस

हिमाचल दिवस के अवसर पर 15 अप्रैल को राज्य स्तरीय समारोह चम्बा जिला के जनजातीय क्षेत्र पांगी में आयोजित किया जाएगा। समारोह की अध्यक्षता मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू करेंगे। चंबा के उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने कहा कि पांगी में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह की तैयारियां आरम्भ कर दी गई हैं। इस समारोह में राज्य के विभिन्न ज़िलों के नाट्य दलों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे।

.......................................................

डीसी शिमला

शिमला जिला में एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत वर्ष 2025–26 के लिए 64 करोड़ 90 लाख रूपए के एक्शन प्लान को मंजूरी दी गई है। ये मंजूरी आज शिमला में जिला मिशन समिति की बैठक में दी गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त अनुपम कश्यप ने की। उपायुक्त ने इस मौके पर बागवानी विभाग को सरकार की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने के लिए सक्रियता के कार्य करने को कहा ताकि बागवानों की आय में वृद्धि हो सके। उन्होंने विभाग को शोध और प्रशिक्षण कार्यों पर भी जोर देने को कहा। उपायुक्त ने कहा कि तकनीक के मौजूदा दौर में शोध से बेहतर फसल प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने विभाग को लम्बित योजनाओं को इस वर्ष में पूरा करने के भी निर्देश दिए।

.......................................................

मौसम

प्रदेश में तापमान में बढ़ौतरी जारी है और मैदानी इलाकों में गर्मी का प्रकोप बढ़ रहा है। कई क्षेत्रों में अधिकतम तापमान 30 डिग्री से अधिक दर्ज किया जा रहा है। इस बीच मौसम विभाग के अनुसार आज से हिमालय क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ सकिय हो रहा है। इसके प्रभाव से मौसम के करवट लेने की सम्भावना है। विभाग ने आज प्रदेश के अधिक उंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी जबकि निचले इलाकों में कहीं–कहीं वर्षा की सम्भावना जताई है। विभाग ने इस दौरान कुछ स्थानों पर अंधड़ चलने व बिजली चमकने का येलो अलर्ट भी जारी किया है।

.......................................................